पत्रांक–09/+2वि.(प्र.सहा.)03-_____/2024 2595

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

उत्कर्ष गुप्ता,
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक 10/9/2024

विषय :– **झारखण्ड राज्यान्तर्गत +2 विद्यालयों में झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 (विज्ञापन संख्या–01/2023) के आधार पर विषय भौतिक शास्त्र के सफल अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग संबंधी प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत +2 विद्यालयों में झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 (विज्ञापन संख्या–01/2023) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 03.09.2024 को प्रकाशित विषय भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान के परिणाम के फलस्वरूप प्राप्त करायी गयी मेधा सूची के सफल अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि संलग्न प्रेस विज्ञप्ति को प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) तथा झारखण्ड राज्य के सभी दैनिक प्रमुख समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रकाशित कराने की व्यवस्था करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नकः–यथोक्त।

8/09

(उत्कर्ष गुप्ता)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

–: विज्ञप्ति :–

संख्या : 2595 राँची, दिनांक : 10/09/2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्यान्तर्गत झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 (विज्ञापन संख्या–01/2023) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्राप्त करायी गयी मेधा सूची के अभ्यर्थियों की योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों/दिव्यांगता प्रमाण–पत्र आदि (अभ्यर्थियों द्वारा झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग को समर्पित किये गये मूल आवेदन–पत्र में अंकित अभ्युक्तियों एवं आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किये गये वांछित सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ) का मिलान करते हुए विषयवार सफल अभ्यर्थियों का निम्न कार्यक्रमानुसार काउन्सलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है :–

स्थान	समय	तिथि	विषय	पद का नाम
M.D.I. Building 1st Floor, Dhurwa, Ranchi VSK	11:00 बजे पूर्वाह्न से।	18.09.2024	भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान	प्रयोगशाला सहायक (Lab Assistant)

अतः सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रमानुसार अपने योग्यता एवं अहर्त्ता संबंधी सभी शैक्षणिक/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ एवं तत्संबंधी सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ–साथ आवेदन पत्र में संलग्न किये गये पासपोर्ट साईज का फोटो की तीन स्वअभिप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जो अभ्यर्थी काउन्सलिंग में उपस्थित नहीं होंगे, उनका नियुक्ति पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

ह०/- 10/09

(उत्कर्ष गुप्ता)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।